मेरे खाटू श्याम धणी | By Ashok Shauq

मेरे खाटूश्याम धणी के ठाठ न्यारे हैं
कर देते भक्तों के ये वारे न्यारे हैं

सच्चे मन से जो प्रीत लगाते हैं
जो जो भी चाहे है वो सब पाते हैं
सबकी आँखों के वो बन जाते तारे हैं
कर देते भक्तों के ये वारे न्यारे हैं
मेरे खाटूश्याम धणी........

बाबा की मोरछड़ी जादू सा करती है
सबके दु:ख दर्दों को कहते हैं हरती है
और श्याम कुंड डुबकी पार उतारे है
कर देते भक्तों के ये वारे न्यारे हैं
मेरे खाटूश्याम धणी........

लेकर निशान भक्तों जो खाटू में आये
ग्यारस का दिन हो तो फल कई गुना पाए
यहाँ शौक़ सदा बहते अमृत के धारे हैं
कर देते भक्तों के ये वारे न्यारे हैं
मेरे खाटूश्याम धणी........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-by-ashok-shauq/